पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय वायु सेना स्थल कसौली

सावधिक परीक्षा **1** हिंदी कक्षा**-8** पूर्णांक**- 40**

प्रश्न सं.**1** संज्ञा किसे कहते हैं,और उसके मुख्य भेद कितने होते हैं नाम लिखो **3**

प्रश्न सं.**2.** सर्वनाम किसे कहते हैं**?** **2**

प्रश्न सं.**3**निम्नलिखित सर्वनाम के भेदों के दो– दो उदाहरण लिखो **3**

**i** पुरुषवाचक **ii** प्रश्नवाचक **iii** निश्चयवाचक

प्रश्न सं.**4.**निम्नलिखित उदाहरणों का संबंध सर्वनाम के किन भेदों से है **4**

अ.जिसका ब.कैसे स.खुद द. क्यों

प्रश्न सं.**5.**विशेषण किसे कहते हैं और मुख्य रूप से उसके कितने भेद होते हैं**?** **3**

प्रश्न सं.**6** निम्नलिखित अपठित गद्यांशको ध्यान से पढ़ें और प्रश्नों का उत्तर दें **8**
विद्यार्थियों में अनेक बुराइयाँ कुसंगति के कारण पैदा होती हैं, पहले विद्यार्थी पढ़ाई में रुचि लेता था, किंतु अब वह फिल्म देखने में मस्त हैं। यह सब कुसंगति का प्रभाव है, आरंभ में उसे कोई विद्यार्थी फिल्म दिखा देता है, फिर उसे आदत पड़ जाती है। यही हाल धूम्रपान करने वालों और शराब पीने वालों का है। आरंभ में कुछ लोग शौकिया तौर पर सिगरेट या शराब पीते हैं, बाद में वे आदी बन जाते हैं। इस प्रकार कुसंगति उन्हें बुराइयों में फंसा देती है, इस कुसंगति से मर्यादा और सात्विक वृत्तियों का नाश हो जाता है।

(क) विद्यार्थियों में बुराइयों का क्या कारण है? 2

(ख) कुसंगति से किन गुणों का नाश होता है? 2

(ग) इस गद्यांश का सार-संक्षेपण कीजिए। 2

(घ) उपर लिखित अपठित गद्यांश का उचित शीर्षक लिखो1

(च ) कुसंगति शब्द का विलोम पद लिखो **1**

प्रश्न सं **7** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए **5**

**i** भारत को बलिदान की धरती क्यों कहा गया है **?**

**ii**वह छोटा लड़का दौड़ में क्यों गिर गया था **?**

**iii** सभी बच्चे आगे दौड़ने की बजाय पीछे क्यों लौट आए **?**

**iv** गोथा किसे कहतें हैं **?**

**v** खेल का आरम्भ कौन करता है **?**

प्रश्न सं **8** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए **6**

(क) डाँडी या गोथा खेल गिल्ली-डंडे से अधिक हॉकी जैसा है। कैसे?

(ख) डाँडी या गोथा खेल जीतने के लिए खिलाड़ियों को किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

(ग ) डाँडी या गोथा खेल और हॉकी के बीच समानताएं और अंतर।

**प्रश्न सं 9 निम्नलिखित शीर्षक में से किसी एक पर अनुच्छेद लिखो 6**

वीरों की भूमि भारत

गुरु का महत्व

धरती हमारी माँ है